## हमारा उद्देश्य

कोइन्फोर्ड का उद्देश्य है की हम हमारे ग्राहकों के लिए उनका पसंदीदा ठेकेदार और हमारे लोगो के रोजगार और सप्लाई चैन के लिए उनकी पहली पसंद बने। हमारा उद्देश्य हैं की सबसे हम प्रतिभाशाली और केंद्रित लोगों को हमारे साथ बनाए रखे और नए लोगो को आकर्षित करे जो लगातार बेहतरीन काम करके हर क्षेत्र में मुश्किलों का समाधान प्रदान करे। हमेशा हमारे कर्मचारियों को ट्रेनिंग और विकास के द्वारा तत्पर नया और साहस से काम करते रहने की प्रेरणा देते रहे। हमारे सभी प्रोजेक्ट में शामिल सभी कर्मचारियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करें और हमारे बिज़नेस के हर स्तर पर हम सभी हमारे गौरव को बढ़ावा दें। बिज़नेस को लगातार मुनाफा प्रदान करके इस उद्देश्य को पूरा कर सके और सभी के साथ सफलता का जश्न मनाये।

## हमारा लक्ष्य

### <u>हमारे ग्राहकों के लिए पसंद का ठेकेदार बनना</u>

- हम हमारे ग्राहकों को अच्छा और उचित सौदा देने में विश्वास रखते हैं। कोइन्फोर्ड जानता है की ग्राहकों से मजबूत रिश्ते बनाने में समय लगता हैं और हम किसी भी परिस्थिति में ग्राहकी रिश्तो की तुलना में कुछ छोटे मुनाफो को कभी भी बढ़ावा नहीं देंगे।

- हम कोइन्फोर्ड के साथ बिज़नेस को आसान बनाने के किये हमेशा नए तरीके अपनाते रहते हैं। हम हमारे बिज़नेस के सभी क्षेत्र में 'हम होंगे कामयाब' नारे के साथ तत्पर काम करते है।

- हम अपने ग्राहकों के साथ निरंतर संवाद को बहुत महत्त्व देते है, ताकि जब वे हमसे मिले तो उन्हें ऐसा न लगे के वे किसी कॉम्पिटिटर से बात कर रहे हैं।

- हम हमेशा हमारा आभार प्रकट करते हैं और बिज़नेस में प्रोफेशनलिज्म, सच्चाई, विश्वास, और विनम्रता को उचे स्थान पर रखते हैं।

### <u>हमारे लोगो के लिए पसंद का एम्प्लायर बनना</u>

- हम अपने हर क्षेत्र की टीमों को सर्वश्रेष्ट बनाने के लिए उन्हें बेहतरीन शिक्षा, ट्रेनिंग, प्रशिक्षण और सलाह प्रदान करते हैं।

- हम एक दूसरे के समय को महत्त्व देते हैं, और सभी साथी कर्मचारियों जो हमारे साथ काम करते हैं , उनका हम सम्मान करते हैं।

- हम इस बात का ध्यान रखते हैं की हम और हमारे ग्राहक की व्यावसायिक और प्रक्रिया सम्बन्धी सोच एक सामान हो जिससे बिज़नेस में शामिल सभी लोगो के लिए सकारातमक, सफल और अच्छा फल देने वाला प्रोजेक्ट तैयार हों।

- हमारे बिज़नेस की ख़ुशी सभी की सफलता में हैं जिस वजह हम हर एक की सफलता को अत्याधिक महत्त्व देते हैं।

**बिज़नेस को नए, साहसी और हिम्मत की द्रष्टिकोण से देखना**

- हम निरंतर सुधार करने में लगे रहते हैं और हमे हमारे बिज़नेस के प्रति बहुत जूनून है।
- हम निवेश और निरंतर हर चीज़ की जांच के द्वारा हमारी हर साइट पर नए से नए उपकरण, मशीन और प्लांट उपलब्ध करवाना चाहते हैं।
- हम हमेशा इस बात का ध्यान रखते हैं की हमारी सप्लाई चैन के द्वारा हम अपने ग्राहकों को नए और बेहतरीन सामान और सेवाएं उपलब्ध करवाए।
- हम बिज़नेस के लिए सर्वश्रेष्ठ नए विचार और सर्वोत्तम कार्यो को इक्कठा और सभी के साथ बाटने के लिए हर डिपार्टमेंट में फ़ोरम्स का आयोजन करते है।

**हमारी डिलीवरी संस्कृति**

- हम हमारे कर्मचारियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता देते हैं और हमेशा बेहतर तरीको से या मशीनों की मदद से रिस्क को कम से कम रखते हैं।
- हम हमारे बिज़नेस में बेहतरीन क़्वालिटी का काम प्रदान करने का उद्देश्य रखते हैं और अब्यास करते हैं की बेहतर से बेहतर काम करने को ही हमारा लक्ष्य और उपलब्धि बनायें।
- हम ध्यान रखते हैं कि सभी कर्मचारियों को अपनी राय व्यक्त करने का समय और अवसर मिले।
- हमें कोइन्फोर्ड ब्रांड पर गर्व करते हैं और उसी गर्व से हम हमारा काम करते हैं।

**मुनाफा प्रदान करना**

- हम नुक्सान और वेस्टेज को कम से कम रखते हैं और पहले अवसर में ही सही और उच्च क़्वालिटी का काम डिलीवर करने का उद्देश्य रखते हैं जिससे ग्राहकों को शिकायत और निराशा न हो।
- हम हमारे काम करने के तरीको की निरंतर जांच करते रहते हैं और जहा भी और जिस भी प्रक्रिया से लाभ हो रहा हो, उसे अपनाते हैं।
- हम हमारे वादे के अनुसार और समय पर काम पूरा करने का प्रयास करते हैं और हमारे हर कार्यो को टेंडर से लेकर डिलीवरी तक उच्च स्तर की सटीकता के साथ निर्धारित करते है।
- हम टर्नओवर की बढ़ोतरी के लिए एक स्थायी और असल योजना के साथ लाभ को ध्यान में रखते हुए हमारी पूरी क्षमता से कार्य की  डिलीवरी करते हैं।